OM 5 -final_Page 1 and 2 6/10/2014 5:04 AM Page 1



# प्राप्त ज्ञान को बुद्धि द्वारा कृति में लाकर होगी शांति

## 'प्रभु उपवन' सेवाकेन्द्र के दशाब्दी महोत्सव में शरीक हुए शहर के प्रबुद्धजन।





बोरीवली। कार्यक्रम के उद्घाटन में बैलून छोड़ते हुए ब्र.कु. दिव्यप्रभा, सुभाष घई, ब्र.कु. डॉ. निर्मला, ब्र.कु. संतोष, ब्र.कु. बृजमोहन। हेमराज हाई स्कूल के प्रांगण में पहुँचे शहर के प्रबुद्ध जन।

**बोरीवली- मुंबई।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा संचालित 'प्रभु उपवन' सेवाकेन्द्र के दशाब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन सेठ गोपालजी हेमराज हाई स्कूल के विशाल प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

ब्र.कु. बृजमोहन ने कहा कि ये समय बदलाव का है जहाँ चारो ओर अशांति के बादल हैं। अब परमात्मा स्वयं इस धरा पर आकर शांति का साम्राज्य स्थापित कर रहे हैं। अब पुन: भारत सोने की चिड़िया कहलायेगा। इसपर प्रकाश डालते हुए, पुराने जगत के जंगल को स्वर्ग जैसा बगीचा बनाने में परमपिता परमात्मा के कर्तव्य का महत्व बताते हुए सभी का मार्गदर्शन किया।

सुभाष घई ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान द्वारा प्राप्त समझ को बुद्धि द्वारा कृति में लाकर स्वयं के जीवन को सार्थक बनाने का सयानापन जो कर सकते हैं, उन्हीं को ही सच्ची शांति मिल सकती है। ब्र.कु. संतोष ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु उपवन शहर वासियों के लिए परमात्मा की सौगात है जहाँ हर कोई



लियांडर पेस,टेनिस स्टार का सम्मान करते हुए ब्र.कु. बिन्दु।

परमात्म पालना ले जीवन में सुकून प्राप्त कर सकता है। लियांडर पेस,टेनिस स्टार ने कहा कि जय-पराजय एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि ये रहस्य पुन: स्मृति में लाया जाये कि तनाव को कम करने से ही जीत पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा है जो तनाव मुक्त रहने में मदद करती है।ब्र.कु. दिव्यप्रभा ने सभी उपस्थित जनों को अपनी शुभभावनायें दीं। कार्यक्रम का आरंभ इंडियन आईडल के कलाकारों ने अपनी मधुर ध्वनि से पूरे वातावरण को संगीतमय करके किया। सुंदर नृत्य के द्वारा सभी आये हुए मेहमानों का स्वागत किया गया। ब्र.कु. डॉ. निर्मला ने कहा कि आज हर इन्सान शांति की चाह में भटक रहा है। राजयोग के द्वारा शांति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सेवाकेन्द्र की गतिविधियों की झलकियों का विडियो दिखाया गया।

संगीत निदेशक समीर सेन, विधायक गोपाल शेट्टी आदि विशिष्ट जनों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## गरीबों की नि:स्वार्थ सेवा ही सच्ची मानवता

**अररिया-बिहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्र.कु.उर्मिला व बैंक कर्मी ब्र.कु. संजय गुप्ता के नेतृत्व में बैद्यनाथपुर



**अररिया।** अग्नि पीड़ितों को सहायता सामग्री प्रदान करते हुए ब्र.कु. उर्मिला बैंक कर्मी ब्र.कु. संजय गुप्ता तथा अन्य।

के अग्निपीड़ितों को साड़ी, बेडशीट, चावल, साबुन, बच्चों के लिए कपड़े व प्रसाद बाँटे गये एवं परमात्मा का संदेश भी दिया गया। 30 अप्रैल की रात यादव मोहल्ले में लगी आग ने लगभग 200 घरों को स्वाहा कर दिया। गरीब हों या अमीर सभी फुटपाथ पर आ गए थे। घटना के बाद सरकार व समाज की ओर से मदद की सामग्री वितरित कराई गई परन्तु गाँव-वासियों को निराशा ही निराशा थी। बहुतों ने सहायता राशि लेने से भी इन्कार कर दिया। परन्तु ब्रह्माकुमारी बहनों को देखकर लोगों ने शांति से पंक्तिबद्ध होकर सहायता राशि भी ली और ओम शांति का नारा लगाते रहे। इस मौके पर ब्र.कु.उर्मिला ने कहा कि दीन-दुखियों, असहायों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि गरीबों, मज़लूमों एवं निराश्रितों की नि:स्वार्थ सेवा ही सच्ची मानवता है। इनके चेहरों की मुस्कान से अपार सुख व शांति प्राप्त होती है। ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में फिल्म प्रोड्यूसर एवं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के सेक्रेट्री चाँद मिश्रा एवं गाँव निवासी अमीन महादेव यादव और बिल्लू यादव का योगदान सराहनीय रहा। अन्य उपस्थित गण में मुख्य थे शर्मीला गुप्ता, कौशल्या देवी, राजमुनी साह, योगेन्द्र साह, शंभु महतो, अतीश मंडल, खुशबू बहन, प्रीति बहन, ब्र.कु.लाडली, ब्र.कु.किरण, ब्र.कु.दयाल, ब्र.कु.रेजीना एवं ब्र.कु.सिमरन।

## दृढ़ता ही सफलता की चाबी है: ब्र.कु. विजय

**रानियां।** दृढ़ता ही सफलता की चाबी है और दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे सारे विघ्न धराशायी हो जाते हैं। मनुष्य के भीतर ही उसका भाग्य छिपा रहता है, दृढ़ इच्छाशक्ति वाले उस छिपे हुए भाग्य को बाहर ले आते हैं। दृढ़ संकल्पों के सामने तूफान भी घुटने टेक देते हैं। उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित आठ दिवसीय 'तनाव मुक्ति एवं मेडिटेशन अनुभूति शिविर' में ब्र.कु. विजय ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि तनावमुक्त व सदा खुश रहने के लिए वर्तमान में जीएं। अपनी तुलना दूसरों से न करें, हमेशा आशावादी दृष्टिकोण को अपनायें। आशावादी लोग प्रतिकूलता में अनुकूलता को खोज लेते हैं। जो लोग निराशावादी होते हैं उन्हें 3 गुणा हार्ट प्रॉब्लम्स अधिक होते हैं। इस शिविर के अंतर्गत अनेक महोत्सव मनाये गये जैसे कि खुशियों का महोत्सव, परिवर्तन महोत्सव, आनंद उत्सव व गुडबाय टेंशन उत्सव आदि। शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर दिलबाग सिंह तंवर, कुलदीप भांभू, सुभाष गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में शहर की मुख्य जज भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर स्थानीय सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्र.कु. कमलेश ने आये हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया व साथ-साथ सेवाकेन्द्र पर आने का निमंत्रण भी दिया। ब्र.कु. विजय को शहर के लायन्स क्लब रानियां रॉयल व अनाज मण्डी एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया।



**रानियां।** 'तनाव मुक्ति एवं मेडिटेशन अनुभूति शिविर' को संबोधित करते हुए ब्र.कु. विजय।

**कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510**
**सदस्यता के लिए सम्पर्क-** M - 9414006096, 9414182088, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

**सदस्यता शुल्क: भारत** - वार्षिक ₹ 190, तीन वर्ष ₹ 570 , आजीवन ₹ 5000 । **विदेश -₹ 2500** (वार्षिक)
**कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।**

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/12-14, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2013-14, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 15th May 2014
**संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.वी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।**